कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.11.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज का
सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम महमरा में आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम –महमरा, जिला– दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ0 जैनेन्द्र दीवान, कार्यक्रम समन्वयक, रा0 से0 यो0 हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर की छात्राऐं विभिन्न परिवेश, विभिन्न परिवारों से आई हैं। इस शिविर के माध्यम से उनमें आपसी सामंजस्य स्थापित करने की भावना जागृत होती है। जो लड़कियों के भावी जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। भविष्य में आने वाली समस्याओं को दूर करने की क्षमता जागृत होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ0 जैनेन्द्र दीवान ने कहा कि छात्राओं में पुरूषों की अपेक्षा सहन करने की विशेष क्षमता होती है। वे समस्याओं का समाधान करने में निपूण होती है। किसी महापुरूष ने कहा है कि ईश्वर के बाद महिलाओं का स्थान होता है। यदि भारत स्त्री प्रधान होता तो संसार ज्यादा करूणामय होता। गांव अच्छा बनेगा तो देश अच्छा बनेगा। अतः गांव को अच्छा बनाने में आप सबका विशेष योगदान है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती खेमेश्वरी निषाद, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक श्री उत्तम चन्द्र गुप्ता, माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक प्रवीणा हाशमी, श्री शिव निषाद, पूर्व सरपंच ने अपने विचार रखे। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय विशेष शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कु0 पूर्वी साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सुषमा यादव, रा0 से0 यो0 कार्यक्रम अधिकारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ0 के0 एल0 राठी, डॉ0 विजय वासनिक, कु0 खुशबू साहू, खेमलता, पूर्वी साहू, श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
'नशामुक्त समाज के लिए युवा'
शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला - दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
सत्र : 2024-25
राष्ट्रीय सेवा योजना
'मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा'